**काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रथम पाली**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा VIII/हिंदी**

**समय: 2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक : 60**

**सामान्य निर्देश :-**

**(1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड है :- क, ख, ग और घ**

**(2) चारों खंडो के प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है**

**(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए**

**(4) सभी प्रश्नों के उत्तर साफ–साफ और स्पष्ट रूप से लिखिए**

**खंड (क) 10**

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए – 5x1=5

आदर्श विद्यार्थी वही कहा जा सकता है जिसमें सबसे पहला गुण विनम्रता हो | जिसमें अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा का भाव हो तथा निरंतर ज्ञान-प्राप्ति की जिज्ञासा हो | यह विद्यार्थी जीवन की पहली सीढ़ी है | महर्षि दयानंद जी ने स्वामी विरजानंद जी के कठोर व्यवहार को श्रद्धा तथा विनम्रता से सिर झुकाकर सहन किया और गुरु से ज्ञान प्राप्त करने में सफल रहे | अनुशासनप्रिय छात्र का जीवन नियमित होता है | अनुशासित जीवन भविष्य के लिए भी हितकर होता है | परिश्रमी होना विद्यार्थी जीवन का सबसे बड़ा आभूषण है | एकाग्र भाव से, तन्मयतापूर्ण समर्पण के साथ अध्ययन करना उसका प्रमुख धर्म होता है

**1.** आदर्श विद्यार्थी में कौन-कौन से गुण होते हैं ?

(क) विनम्रता (ख ) जिज्ञासु (ग ) अनुशासनप्रिय (घ) सभी

**2.** (विद्यार्थी जीवन की पहली सीढ़ी क्या होती है ?

(क ) श्रद्धा का भाव (ख) जिज्ञासा (ग ) परिश्रम (घ ) सभी

3 महर्षि दयानंद जी ज्ञान प्राप्त करने में कैसे सफल रहे ?

(क ) श्रद्धा और विनम्रता से (ख ) पुस्तक पढ़ने से (संगति से ) (घ ) कोई नहीं

4. विद्यार्थी का प्रमुख धर्म क्या होता है?

(क ) अध्धयन करना (ख ) खेलना ( ग )घूमना (घ )कुछ नहीं

5. गद्यांश का उचित शीर्षक दें ?

क) आदर्श विधार्थी (ख ) समय का महत्तव (ग ) परिश्रम (घ ) अनुशासन

प्र.2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए - 5*1=5

संकटों से वीर घबराते नहीं,

आपदाएं देख छिप जाते नहीं।

लग गए जिस काम में पूरा किया,

काम करके व्यर्थ पछताते नहीं।

कठिन पथ को देख मुस्कराते सदा,

संकटों के बीच वे गाते सदा।

है असंभव कुछ नहीं उनके लिए,

सरल – संभव कर दिखाते वे सदा।।

यह असंभव कायरों का शब्द है,

कहा था नेपोलियन ने एक दिन।

सच बताऊँ जिंदगी ही व्यर्थ है,

दर्प बिन उत्साह बिन औ’ शक्ति बिन।।

1.**वीर किसे देखकर छिपते नहीं हैं ?**

(क ) संकटों से (ख ) दुश्मनों से (ग) आपदाओं से (घ) इन सभी से

2. **कठिन रास्ता देख और संकट के समय वीर कैसा व्यवहार करते हैं ?**

(क ) मुस्कराते है (ख ) रोते है (ग ) नाचते है (घ ) सोते है

3.**असंभव के बारे में नेपोलियन का क्या कहना था ?**

(क ) यह कायरों का शब्द है (ख ) यह वीरों का शब्द है

(ग ) यह मेहनती लोगों का शब्द है (घ) यह संज्जनों का शब्द है

4. **किन गुणों के अभाव में जिंदगी को व्यर्थ कहा गया है ?**

(दर्प बिन (ख ) उत्साह बिन (ग ) शक्ति बिन (घ ) इन सभी के बिन

5. **उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दें |**

(क ) वीरों के गुण (ख ) वीरता (ग ) साहसी (घ ) कायरता

**खंड (ख) 10**

प्र.3 (क) प्रचार शब्द से उपसर्ग अलग करें। 1

(ख) दिए गए शब्दों के संज्ञा भेद लिखो – बदलू , आम, नाजुक, गाय 2

(ग) बस और वश शब्द से एक-एक वाक्य बनाइए - 1

(घ ) विशेषण किसे कहते है। 1

(ङ) समास-विग्रह कर समास का नाम लिखिए – दिन-रात दिन और रात 1

(च) दिए गए शब्दों का मानक (शुद्ध) रूप लिखिए – तरवार, ग्यान, मरद, उमर 2

(छ) “पढाई” में मूल शब्द एवम प्रत्यय अलग करे

ज)  निम्न में से किसी भी एक का पर्यायवाची शब्द लिखो –                                    1

आँख

निर्धन

**खंड (ग)**

**प्र.**4  निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए –    5x1  =5

यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहें हैं और झूठ तथा फ़रेब का रोज़गार करने वाले फल-फूल रहे हैं| ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सच्चाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है | ऐसी स्थिति में जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था ही हिलने लगी है |

(क)  पाठ और लेखक का नाम लिखिए |                                    1

(ख)  पाठ के अनुसार वर्तमान समय में किनका शोषण हो रहा है ?                    1

(ग)  आज किस तरह के लोग अधिक फल-फूल रहे हैं ?                    1

(घ)  ईमानदारी और सच्चाई की क्या दशा हो गई है ?                    1

(ङ) लोगों की आस्था किसके बारे में हिलने लगी है ?                    1

प्र.5     निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए -                    3x5  =  15

(क) 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं'-इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है ?

(ख) ''लोगों ने सलाह दी कि" समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नही करते'' लोगों ने सलाह क्यों दी ?

(ग)  कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है ?

(घ)  पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता ?

(ङ)  पक्षी और बादल द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन-कौन पढ़ पाते हैं ?

(च) चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है ? वह तिनकों का क्या करती होगी ?

प्र.6 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए - 5x1=5

**"आवत गारी एक है, उलटत होई अनेक।**

**कह कबीर नहिं उलटिए, वही एक की एक ॥ "**

(1) कवि और कविता का नाम लिखिए। 1

(2) इस दोहे के द्वारा कबीर ने क्या शिक्षा दी है ? 1

(क ) झगड़ा को बढ़ाना नहीं चाहिए (ख) गाली के बदले गाली देनी चाहिए

(3) किसी को एक गाली देने पर बदले में क्या मिलता है ? 1

( क ) गाली (ख ) सम्मान (ग ) प्यार (घ ) दुलार

(4) कबीर बुराई को किससे समाप्त करना चाहते हैं ? 1

(क ) प्यार और प्रेम से (ख ) मार पीट करके (ग ) कानूनी सहायता से ( घ ) कुछ नह

(5) गाली एक की एक कब रह जाती है ? 1

(क ) जब बदले में गाली न दी जाये (ख ) जब बदले में गाली दी जाए

प्र.7 निम्नलिखित किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) भारत के सबसे प्राचीन दो महाकाव्यों के नाम लिखिए 1

(ख) अहमदनगर के किला किसके द्वारा लिखा गया है ? 1

(ग) सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष कहाँ मिले हैं ? 1

(घ) अहमद नगर के किले में जवाहरलाल नेहरू का सहचर कौन था? 1

(ङ) सिंधु घाटी सभ्यता का समय कब से माना जाता है ? 1

(च) भारत देश का नाम किस आदिपुरुष के नाम पर पड़ा?

**खंड (घ)**

प्र.8 विद्यालय के प्राचार्य को स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए । 5

अथवा

अपने छोटे भाई को प्रातः भ्रमण के लाभ बताते हुए एक पत्र लिखिए।

प्र.9 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 5

(क) मेरे सपनों का भारत (ख) बसंत ऋतु

(ग) स्वतंत्रता दिवस (घ) शिक्षा में खेलों का महत्त्व